# सत्र – 2023–24
# आदर्श प्रश्न–पत्र
# कक्षा–10
# विषय–सामाजिक विज्ञान (केवल प्रश्न–पत्र)

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक – 70

सामान्य निर्देश –

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
3. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों 'अ' एवं 'ब' में विभाजित है। खण्ड 'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर ओ0एम0आर0 शीट पर दिया जाना है।
4. ओ0एम0आर0 शीट पर उत्तर अंकित किये जाने के पश्चात उसे काटे नहीं तथा इरेजर (Eraser) एवं व्हाइटनर (Whitener)आदि का प्रयोग न करें।
5. खण्ड 'ब' 50 अंकों का है। इसमें वर्णनात्मक–1, वर्णनात्मक–2 एवं मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित है।
6. दिये गये मानचित्र को उत्तरपुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
7. दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न लिखने के लिए दिये गये है।

## खण्ड 'अ' 20 अंक

<u>बहुविकल्पीय प्रश्न</u>

1. राष्ट्रवाद का उदय सर्वप्रथम किस देश से हुआ? 1
   (अ) जर्मनी (ब) फ्रांस
   (स) इटली द) ब्रिटेन

2. ड्यूक मैटरनिख ने सामाजिक व्यवस्था का सबसे खतरनाक दुश्मन किसको माना? 1
   (अ) रूसो (ब) विक्टर इमैनुएल
   (स) काल्विन (द) ज्यूसेपी मेत्सिनी

3. सूती कपड़ा मिल की रूपरेखा किसने रखी ? 1
   (अ) जॉन राइट (ब) रिचर्ड आर्कराइट
   (स) एंड्रू कार्नेगी (द) जेम्स वॉट

4. 1928 से 1934 के बीच भारत में गेहूँ की कीमत 50 प्रतिशत तक गिर गई इसका कारण था, अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में– 1
   (अ) कीमतों का गिरना (ब) कीमतों का बढ़ना
   (स) कीमतों का स्थिर रहना (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

5. 1448 ई0 में गुटेन्बर्ग ने कौन सी पहली पुस्तक छापी ? 1
(अ) जेन आयर (ब) रमोना
(स) हाट केटी डिड (द) बाइबिल

6. बेल्जियम में सामुदायिक सरकार का चुनाव कौन करता है? 1
(अ) एक ही भाषा बोलने वाले लोग
(ब) सभी भाषाओं को बोलने वाले लोग
(स) केवल जर्मन भाषा बोलने वाले लोग
(द) उपरोक्त सभी

7. निम्नलिखित में कौन–सा लक्षण संघीय सरकार से सम्बन्धित नहीं है? 1
(अ) कठोर एवं लिखित संविधान
(ब) शक्तियों का केन्द्रीयकरण
(स) संघ एवं राज्यों के मध्य शक्तियों का विभाजन
(द) सर्वोच्च न्यायालय

8. निम्नलिखित में से लैंगिक असमानता को बढ़ावा देने का कारण नहीं है। 1
(अ) श्रम का लैंगिक विभाजन
(ब) जैविक बनावट
(स) समाज का पितृ प्रधान होना
(द) महिलाओं में साक्षरता दर की कमी

9. साम्प्रदायिकता की समस्या प्रारम्भ होती है जब– 1
(अ) धर्म को ही राष्ट्र का आधार मान लिया जाए।
(ब) धर्म को राष्ट्र से अलग कर दिया जाए।
(स) सभी धर्मो को समान रूप से माना जाए।
(द) कुछ ही धर्मो को प्रधानता दी जाए।

10. निम्नलिखित में कौन सा संघ सूची का विषय नहीं है– 1
(अ) प्रतिरक्षा (ब) मुद्रा
(स) शिक्षा (द) विदेशी मामले

11. निम्नलिखित में से पंजाब में भूमि संकुचन का मुख्य कारण क्या है? 1
(अ) गहन खेती (ब) अधिक सिंचाई
(स) वनोन्मूलन (द) अति पशुचारण

12. निम्नलिखित को सुमेलित करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए। 1

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | भाखड़ा नांगल | – | (1) नर्मदा |
| (ख) | हीराकुंड | – | (2) भागीरथी |
| (ग) | सरदार सरोवर | – | (3) सतलुज |
| (घ) | टिहरी | – | (4) महानदी |

विकल्प–

(अ) क–3, ख–2, ग–4, घ–1
(ब) क–1, ख–3, ग–2, घ–4
(स) क–3, ख–4, ग–1, घ–2
(द) क–4, ख–1, ग–3, घ–2



https://www.evidyarthi.in/

13. निम्नलिखित में से प्राथमिक क्षेत्र का क्रियाकलाप है। 1
(क) मछली पकड़ना (ख) कृषि (ग) गुण बनाना (घ) डेरी
**विकल्प–**

(अ) केवल (क) (ब) (क) एवं (ग)
(स) (क), (ख) एवं (घ) (द) (ख) एवं (घ)

14. सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र को किस आधार पर वर्गीकृत किया जाता है? 1
(अ) रोजगार (ब) आर्थिक क्रिया
(स) उद्यम का स्वामित्व (द) श्रमिकों की संख्या

15. भूक्षरण से क्या तात्पर्य है? 1
(अ) भूमि का अनुपजाऊ होना(ब) भूमि का दलदली होना
(स) भूमि का उपजाऊ होना (द) भूमि का योजनाबद्ध उपयोग

16. मगरमच्छ, गैंडा, काला हिरन, भारतीय जंगलीय गधा प्राणी किस जाति में आते है– 1
(अ) सामान्य जाति (ब) संकट ग्रस्त जाति
(स) अ एवं ब (द) उपरोक्त सभी

17. निम्नलिखित में से कौन–सा व्यापार अवरोधकों का लक्षण <u>नहीं</u> है? 1
(अ) सरकार विदेश व्यापार को नियमित करने के लिए व्यापार अवरोधकों का प्रयोग कर सकती है।
(ब) सरकार यह निर्णय ले सकती है कि देश में किस प्रकार की वस्तुएँ कितनी मात्रा में आयातित होनी चाहिए ।
(स) विश्व व्यापार संगठन व्यापार अवरोधकों को बढ़ावा देता है ।
(द) अधिकतर देश व्यापार अवरोधकों का प्रयोग अपने घरेलू उद्योग की सुरक्षा के लिए करते है।

18. भूमिहीन ग्रामीण मजदूरों के लिए सबसे अधिक उपयुक्त विकास का लक्ष्य कौन सा है? 1
(अ) उपज का ज्यादा समर्थन मूल्य देना
(ब) उनके बच्चों को विदेश में बसाया जाना
(स) अधिक मजदूरी देना
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

19. निम्नलिखित में से कौन सा परंपरागत ऊर्जा का स्त्रोत <u>नहीं</u> है? 1
(अ) कोयला (ब) भूतापीय ऊर्जा
(स) अ एवं ब दोनों (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

20. वैश्वीकरण का बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के निवेश पर क्या प्रभाव पड़ा ? 1
(अ) बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के निवेश में वृद्धि हुयी।
(ब) बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा भारत के विदेशी व्यापार के अधिकांश भाग पर नियंत्रण हुआ।
(स) बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के आगमन से लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुयी ।
(द) उपरोक्त सभी ।

**खण्ड 'ब'** **50 अंक**

**वर्णनात्मक –1 (उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए।)**

(1) प्रथम विश्व युद्ध के पश्चात होने वाली महामंदी के दो कारण लिखिए। 2+2

अथवा

1928 से 1934 के मध्य होने वाली महामंदी का भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले दो प्रभावों की व्याख्या कीजिए। 2+2

(2) ''सत्ता की साझेदारी लोकतंत्र की आत्मा है।'' इस कथन की कारण सहित पुष्टि कीजिए। 4

अथवा

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ''जाति में राजनीति एवं राजनीति में जाति'' कथन की व्याख्या कीजिए। 4

(3) 'आर्थिक विकास के लिए ऊर्जा एक आधारभूत आवश्यकता है।' इसके कोई दो कारण लिखिए। 2+2

अथवा

परिवहन तथा संचार के साधन किसी भी देश की जीवन रेखा क्यों माने जाते हैं? दो कारण लिखिए। 2+2

(4) बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ अपने उत्पाद की उत्पादन लागत कम बनाए रखने के लिए किस प्रकार का प्रबन्धन करती है? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए। 2+2

अथवा

अच्छे बाजार के किन्ही दो लक्षणों का उल्लेख कीजिये। 2+2

## वर्णनात्मक–2 (उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए)

(5) महात्मा गांधी ने असहयोग आन्दोलन क्यों चलाया? किन्हीं दो कारणों को लिखिए। इसे उन्होंने स्थगित कयों कर दिया? 2+2+2

अथवा

सत्याग्रह का क्या अर्थ है? महात्मा गांधी द्वारा चलाए जाने वाले किन्ही दो सत्याग्रह आन्दोलनों का उल्लेख कीजिए। 2+2+2

(6) लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की आवश्यकता क्यों पड़ती है? इनके किन्ही चार कार्यों का उल्लेख कीजिए। 2+1+1+1+1

अथवा

लोकतंत्र उत्तरदायी, पारदर्शी एवं वैध शासन की व्यवस्था देता है? इस कथन की व्याख्या कीजिए। 2+2+2

(7) मृदा अपरदन का क्या अर्थ है? मृदा अपरदन का भूमि पर पड़ने वाले दो प्रभावों का वर्णन कीजिए। 2+2+2

अथवा

भारत में पाये जाने वाले मोटे अनाजों का उल्लेख कीजिए। इनकी पैदावार बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए जा सकते है? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए। 2+2+2

(8) 'असंगठित क्षेत्रक के श्रमिक सामाजिक भेद–भाव के शिकार है' इसके तीन कारण लिखिए। 2+2+2

अथवा

मानव विकास सूचकांक क्या है? मानव विकास को नापने वाले प्रमुख अवयवों का वर्णन कीजिए । 2+4



https://www.evidyarthi.in/

(मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

(9) **निम्नलिखित स्थानों को भारत के रेखा–मानचित्रों में (•) चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइये। सही नाम व सही अंकन हेतु ½+ ½ अंक निर्धारित है।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | वह नगर जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ। | ½+½ |
| (ख) | वह स्थान जहाँ गाँधी जी ने सर्वप्रथम नमक बनाया । | ½+½ |
| (ग) | वह स्थान जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों ने आन्दोलन किया। | ½+½ |
| (घ) | वह स्थान जहाँ सूती मिल श्रमिकों ने सत्याग्रह किया। | ½+½ |
| (ड़) | वह स्थान जहाँ दिसम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। | ½+½ |

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)**

**निर्देश :– निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।**

| | | |
|---|---|---|
| i) | जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड किस नगर में हुआ? | 1 |
| ii) | गाँधी जी ने नमक बनाना किस स्थान से प्रारम्भ किया? | 1 |
| iii) | नील की खेती करने वाले किसानों ने किस स्थान से आंदोलन प्रारम्भ किया? | 1 |
| iv) | सूती मिल श्रमिकों ने कहाँ सत्याग्रह किया? | 1 |
| v) | दिसम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन किस स्थान पर हुआ? | 1 |

मानचित्र कार्य

(10) **निर्देश : दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये–**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | पश्चिम बंगाल का एक उद्यान ▭ चिह्न द्वारा नाम सहित। | ½+½ |
| (ii) | नर्मदा नदी पर बना बांध ⌶ चिह्न द्वारा नाम सहित। | ½+½ |
| (iii) | महानदी ∿∿ चिह्न द्वारा नाम सहित। | ½+½ |
| (iv) | झारखण्ड का एक कोयला क्षेत्र O चिह्न द्वारा नाम सहित। | ½+½ |
| (v) | भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक पत्तन △ चिह्न द्वारा नाम सहित। | ½+½ |

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)**

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| (i) | पश्चिम बंगाल के एक उद्यान नाम लिखिए। | 1 |
| (ii) | नर्मदा नदी पर बने बांध का नाम लिखिए। | 1 |
| (iii) | उत्तर भारत की एक नदी का नाम लिखिए। | 1 |
| (iv) | झारखण्ड प्रांत की एक कोयला खान का नाम लिखिए। | 1 |
| (v) | भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक पत्तन का नाम लिखिए। | 1 |